मेन राइजिंग पाईप लाईन से पुराने पाईप लाइन को जोड़ने इंटरकनेक्शन का कार्य पूर्ण, संतोषी पारा क्षेत्र में पानी की समस्या से निजात दिलाने हुआ इंटरकनेक्शन

भिलाईनगर / नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत नंदनी रोड में आईडीबीआई बैक के पास मेन राइजिंग पाईप लाइन से पुराने पाईप लाइन को जोड़कर इंटर कनेक्शन किया गया है। इससे संतोषी पारा क्षेत्र के रहवासियों को भरपूर पानी मिलने की संभावना शत प्रतिशत बढ़ गई है। दरअसल संतोषी पारा क्षेत्र में गर्मी के दिनों में पानी का प्रेशर कम होने की समस्या उत्पन्न हो जाती है। यहां के कुछ क्षेत्रों में पेयजल के रूप में पानी टैंकर से पानी सप्लाई किया जाता रहा है , गर्मी में संतोषी पारा के कुछ क्षेत्रों में नल से पानी नहीं आने की समस्या भी होती है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिये इंटरकनेक्शन करने का फैसला निगम द्वारा लिया गया और महज पांच दिनों में जल कार्य विभाग के कर्मचारी और जेसीबी इत्यादि की सहायता से इंटरकनेक्शन का काम जलकार्य विभाग की निगरानी में टीम वर्क से पूर्ण कर लिया गया। इंटरकनेक्शन का काम पूरा होने के बाद टेस्टिंग की प्रक्रिया की जा रही है। दो प्रकार की टेस्टिंग प्रक्रिया की जा रही है पहला इंटरकनेक्शन होने के बाद पानी के प्रेशर की जांच एवं घरों तक शुद्ध पानी मिल रहा है या नहीं इसकी जांच हो रही है। जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा एवं उप अभियंता अर्पित बंजारे ने जानकारी देते हुये बताया कि इंटरकनेक्शन करने का महत्वपूर्ण निर्णय संतोषी पारा क्षेत्र को पानी की समस्या से निजात दिलाना है, उन्होंने आगे बताया कि इंटरकनेक्शन होने से वार्ड क्रमांक 25 संतोषी पारा क्षेत्र, न्यू संतोषी पारा, गणेश चौक, जागृति चौक में पानी का प्रेशर बढ़ जायेगा। इस क्षेत्र में भी अन्य क्षेत्र की तरह टैंकर मुक्त करने की दिशा में कार्य हो रहा है। इंटरकनेक्शन के लिये 150 एमएम की लगभग 300 मीटर पाईप लाइन बिछाई गई है। मेन राइजिंग पाईप लाईन की अगर की बात करे तो 450 एमएम की पाईप लाईन बिछी हूई है! यह पाईप लाईन 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट से कनेक्टेड है और छावनी क्षेत्र के 2.72 एमएलडी में जलभराव का कार्य करती है। इसी मेन राइजिंग पाईप लाईन से संतोषी पारा क्षेत्र के लिये गई हूई पुरानी पाईप लाईन से इंटरकनेक्टेड किया गया है। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर नगर पालिक निगम भिलाई के जल विभाग के अधिकारी शहर वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हर संभव प्रयासरत है। विभिन्न जल स्रोतो से पानी का सैंपल लेकर प्रतिदिन इसकी जांच की जा रही है।